दिनांक: 24.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शुरू किये गये ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान ने केवल पांच महीनों में 100 करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देशभर के लोगों के इस अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इस बात पर गर्व जताया कि यह अभियान अब दुनिया के अन्य देशों में भी फैल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि हाल ही में गयाना की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति इरफान अली और परिवार के अन्य सदस्य 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में शामिल हुए थे। प्रधानमंत्री ने राजस्थान का जिक्र करते हुए कहा कि जैसलमेर में महिलाओं की एक टीम ने एक घंटे में 25 हजार पेड़ लगाकर अनोखा रिकॉर्ड बनाया।

..............

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एनसीसी दिवस है। उन्होंने एनसीसी कैडेट के रूप में अपने दिनों का याद करते हुए इस अनुभव को अमूल्य बताया। श्री मोदी ने कहा कि एनसीसी, युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में एनसीसी को मजबूत करने के लिए लगातार काम हो रहा है। श्री मोदी ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने का आग्रह किया।

................

प्रधानमंत्री ने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस मनाया जाता है। इस बार इसे खास तरीके से मनाया जाएगा और एक पहल की शुरूआत होगी, जिसका नाम है, 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग। इसमें देशभर से करोड़ों युवा भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब स्वच्छता को लेकर भी लोगों में जागरुकता आई है। विभिन्न क्षेत्रों में युवा बेकार चीजों से उपयोगी सामग्री बना रहे हैं और तरह–तरह के नवाचार कर रोजगार के साधन विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से भारत में स्वच्छता अभियान को गति मिली है। प्रदेश में मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए विभिन्न स्थानों पर व्यापक इंतजाम किये गये थे। लोगों ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना

संसद के कल से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र से पहले आज सरकार द्वारा नई दिल्ली में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक जारी है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कर रहे हैं। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसम्बर तक चलेगा। 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर संसद की बैठक नहीं होगी।

सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर का आज शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। 1675 में आज ही के दिन श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवीय मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनके बलिदान को हर वर्ष शहीदी दिवस के रूप में याद किया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरु तेग बहादुर को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी है।